# GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD

छात्र छात्राओं ने 11 मौलिक कर्तव्यों के बारे में सेमिनार में चर्चा की

गुरुनानक कॉलेज भुदा में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा मौलिक कर्तव्य को लेकर पैनल के साथ चर्चा की गई. वही 8 पैनल बनाए गए थे, जिसमे 11 मौलिक कर्तव्यों पर परिचर्चा की गई.कार्यक्रम की शुरुआत एचओडी डॉक्टर मीना मालकंडी ने अपने वक्तव्य को रखा और कार्यक्रम की शुरुआत की. मंच संचालन डॉक्टर नीता ओझा ने किया.वही कार्यक्रम में सभी पैनल के छात्र-छात्राओं ने अपने अपने विचारो को रखा. भारत के लोगो में समरसता और भ्रातृत्व की भावनाओं का विकास, देश के रक्षा और राष्ट्र सेवा, राष्ट्रीय आंदोलन के प्रेरक आदर्शो का पालन, तथा वर्तमान में महिलाओं की जो आर्थिक स्थिति है उसमे सुधार कैसे करना चाहिए इस पर छात्र छात्राओं ने अपने अपने विचार रखे.

कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य संजय प्रसाद ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम से बच्चो में जागरूकता आएगा और देश के संविधान को समझने और रक्षा करने का जज्बा उत्पन्न होगा. वही उन्होंने कहा की यह हमलोग का कर्तव्य है की बच्चो में मौलिक कर्तव्य के बारे में जानकारी दी जाय.

इन छात्र छात्राओं ने मौलिक कर्तव्य को शिक्षको और सहपाठियों के बीच साझा किया.सहर, तेजस्वी, खुशी, अनंत, आलिया, रिया, अभिषेक, स्वेता ने 11 मौलिक कर्तव्यों पर चर्चा की. मौके पर कॉलेज के भुदा कैंपस इंचार्ज अमरजीत सिंह, संतोष कुमार, सोनू प्रसाद यादव, दलजीत सिंह, विश्वेश्वरी, नमिता, सिमरन छाबरा के साथ शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद थे.वही कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ किया गया.

# GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD

NAAC Accredited Grade 'B'

(Established & Managed by Gurudwara Prabandhak Committee, Dhanbad)

Affiliated to B.B.M.K. University, Dhanbad, Jharkhand

Email : principal@gncollege.org | Website : www.gncollege.org

In Association with

# Department of Political Science

Organising

## "Panel discussion on Fundamental Duties"

**Date : 31/01/2024      Time : 01:30 PM**










GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
NAAC Accredited Grade 'B'
In Association with
Department of Political Science
Organising
"Panel discussion on Fundamental Duties"
Date : 31/01/2024
Sahar 1410



**News Clips**



गुरुनानक कॉलेज में बुधवार को कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं।

## विद्यार्थियों को मिली मौलिक कर्तव्य की जानकारी

धनबाद। गुरुनानक कॉलेज धनबाद में बुधवार को छात्र-छात्राओं को 11 मौलिक कर्तव्य की जानकारी मिली। कॉलेज में मौलिक कर्तव्य पर पैनल चर्चा हुई। आठ पैनल के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार रखे। प्राचार्य संजय प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में जागरुकता आएगी। देश के संविधान को समझने और रक्षा करने का जज्बा उत्पन्न होगा। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ मीना मालकंडी, डॉ नीता ओझा, प्रोफेसर इंचार्ज प्रो अमरजीत सिंह, प्रो संतोष कुमार, प्रो सोनू प्रसाद यादव, प्रो दलजीत सिंह, विश्वेश्वरी, नमिता व सिमरन छाबरा समेत अन्य मौजूद थे।

